# Logical Reasoning

## PART→4

नीचे दिए गए सवाल में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है, इनमें से कौन सा/से पूर्वानुमान तार्किक रूप से किसी भी संदेह से परे कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता है।

(1). कथन: पोलियो को भारत में पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है।
पूर्वानुमान: (1) उन्मूलन के लिए पोलियो कठिन बीमारी है।
(2) सरकार ने पोलियो उन्मूलन के लिए कदम उठाए हो सकते हैं।
→ केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।

(2). कथन: दुनिया में आत्महत्या की दर बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है।
पूर्वानुमान: (1) लोग अतीत की तुलना में वर्तमान से अब कम खुश हैं।
(2) जो लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं, उन्हें जीवन के महत्व का एहसास नहीं होता।
→ दोनों I व II अंतर्निहित हैं।

(3). कथन: स्वस्थ जीवन के लिए, हमारे तेल का प्रयोग करें, एक टीवी विज्ञाप
पूर्वानुमान: (1) दूसरे सभी तेल उत्पादों का परिणाम अस्वास्थ्यकर जीवन है।
(2) हर आदमी एक स्वस्थ जीवन चाहते हैं।
→ केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित है।

(4) कथन: जो छात्र रिकॉर्ड बुक प्रस्तुत नहीं करते उन्हें प्रैक्टिकल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
पूर्वानुमान: (1) प्रैक्टिकल परीक्षा में भाग लेने के लिए रिकॉर्ड बुक अनिवार्य है।
(2) प्रैक्टिकल परीक्षा - एक छात्र को एक विषय में तकनीकी रूप से मजबूत बनाती है।
→ केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है।

(5). कथन: सरकार ने निजी डॉक्टरों को उनकी फीस बढ़ाने की अनुमति दी है।
पूर्वानुमान: (1) निजी डाक्टरों को वित्तीय कठिनाइयाँ हैं।
(2) सरकारी डॉक्टर अपनी फीस में वृद्धि नहीं करते।

→ कोई भी अंतर्निहित नही है।

(6). कथन: एक प्रमुख समाचार पत्र में एक विज्ञापन में लिखा था, दस महीने में अपने पैसे तिगुना करें।

→ पूर्वानुमान: (1) विज्ञापन झूठा है।
(2) आमतौर पर लोग अपनी सम्पत्ति को बढ़ाना चाहते हैं।

→ केवल पूर्वानुमान II निहित है।

(7) कथन: भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेल जारी रखना चाहिए।

तर्क: (1) हाँ यह भारतीय और पाकिस्तानी, दोनो दर्शकों को आकर्षित करता है।
(2) नहीं, यह भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद पैदा करता है।

→ केवल तर्क I निहित है।

(8). कथन: यदि परिवार के पास हमारे जीवन को चलाने के लिए पर्याप्त धन है तो क्या हमे काम पर जाना बंद कर देना चाहिए।

तर्क: (1) हाँ क्योंकि परिवार को खिलाने के अलावा काम करने का अन्य कोई महत्वपूर्ण उद्देश्य नही है।
(2) नहीं फिर हमारे पास नयी चीजों के बारे मे अवगत होने के मौके कम हो जाते है।

→ केवल तर्क II मजबूत है।

(9). कथन: सब्जियो और अनाजो को हमारे भोजन की आदतो मे शामिल किया जाना चाहिए।

तर्क: (1) हाँ इस आधुनिक दुनिया मे हम बर्गर, पिज्जा जैसे खाद्य पदार्थों को पसंद करते है जो अस्वास्थ्यकर है।
(2) नहीं, भोजन की आदतो मे बदलाव आगे चलकर लाभदायक नहीं होगा।

→ केवल तर्क I मजबूत है।

(10). कथन: चीन मे बने उत्पादो को भारत मे प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए

तर्क: (1) हाँ, चीन, भारत के खिलाफ पाक का समर्थन करता है।
(2) हाँ, इससे भारतीय उत्पादन मे वृद्धि होगी।

→ तर्क I व II दोनो ही मजबूत नहीं है।

(11). कथन: क्या युवाओ को फिल्मी सितारो से प्रेरणा लेनी चाहिए?

तर्क: (1) हाँ वे पर्दे पर और पर्दे से बाहर एक जबरदस्त प्रेरणा होते हैं।
(2) नहीं प्रेरणा के लिए वे अनुपयुक्त पसंद है।

→ न तो I व न ही II मजबूत तर्क है।

(12). कथन : क्या अभ्यास एक आदमी को निपुण बनाता है?
तर्क : (1) हाँ अवसरवादी हर मौके पर फायदा उठाते है।
(2) नहीं कुछ लोग शायद ही अभ्यास से सीखते हैं।
→ तर्क I व II में से कोई भी मजबूत नहीं है।

(13). कथन : क्या स्कूलो में छात्रों से सामुदायिक प्रमाण पत्र का आग्रह होना चाहिए।
तर्क : (1) हाँ इसमें पिछड़े वर्गों के छात्रों को दाखिल करने में मदद मिलती है।
(2) नहीं समय आ गया है कि वे पद्धति को बदले।
→ न तर्क I मजबूत है, न तर्क II मजबूत है।

(14). कथन : क्या भारत में कॉलेज के हर छात्र को अपनी डिग्री प्राप्त करने के लिए अनिवार्य सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना चाहिए।
तर्क : (1) हाँ यह रक्षा सेना में मनुष्य बल को बढ़ाने के तरीकों में से एक है।
(2) नहीं यह व्यक्ति के अपना स्वयं का क्षेत्र चुनने के अधिकार के खिलाफ है।
→ केवल तर्क II मजबूत है।

(15). कथन : क्या निजी क्षेत्र को भारत में अस्पतालों को संचालित करने की अनुमति दी जानी चाहिए।
तर्क : (1) हाँ वे अन्य पश्चि. देशों में संचालन होते हैं।
(2) नहीं अस्पतालों को निजी हाथों में रखना खतरनाक है।
→ न तो I और न ही II तर्क मजबूत है।

(16). कथन : क्या सरकार को दालों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।
तर्क : (1) हाँ इससे भारत में दालों की कीमत कम हो जाएगी।
(2) नहीं इस निर्णय से निर्यात उद्योग में नौकरियाँ समाप्त हो जाएगी।
→ केवल तर्क I मजबूत है।

(17). प्रश्न: भारत के किसी समृद्ध परिवार से न आने वाले किसी बच्चे को क्या अपने जुनून का अनुसरण करने देना चाहिए।

तर्क: (1) हाँ, इन दिनों यदि किसी बच्चे को अपनी अभिरुचि का अनुसरण करने दिया जाए, तो वह इसमें श्रेष्ठ हो सकता है, यहाँ तक कि आर्थिक तौर पर भी।

(2) नहीं आज भी हमारे देश में मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणाली नहीं है। और किसी को अपरंपरागत क्षेत्रों में स्थापित करना समय की बर्बादी है तथा यह आर्थिक रूप से भार डालने वाला हो सकता है।

→ केवल तर्क 1 प्रभावशाली है।

(18). प्रश्न: क्या माता-पिता को अपनी बेटियों को शिक्षित करने में उतना खर्च करना चाहिए, जितना वे अपने बेटों को शिक्षित करने में खर्च करते हैं?

तर्क: (1) नहीं लगभग सभी आँकड़े इस तथ्य को दर्शाते हैं कि लड़के लड़कियों से कहीं अधिक बुद्धिमान होते हैं।

(2) नहीं हालांकि लड़कियाँ बुद्धिमान हो सकती हैं, लेकिन माता-पिता को उनके विवाह के लिए अलग से धन रखना पड़ता है।

→ न तो तर्क 1 और न ही तर्क 2 प्रभावशाली है।

(19). कथन: क्या स्कूलों में योगा और ध्यान अनिवार्य किया जाना चाहिए

तर्क: (1) हाँ, योगा और ध्यान छात्रों को बेहतर एकाग्रता रखने में मदद करता है, जो अंततः उनके अध्ययन में मदद करता है।

(2) नहीं, बच्चे पहले से ही इतने सारे काम में व्यस्त होते हैं, और वे योगा और ध्यान के लिए अपने मूल्यवान समय को समर्पित नहीं कर सकते हैं।

→ केवल तर्क 1 मजबूत है।

(20). कथन: क्या प्रतियोगी परीक्षाओं में केवल वस्तुनिष्ठ प्रश्न होने चाहिए।

तर्क: (1) हाँ, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तरों का आंकलन उचित और निष्पक्ष है।

(2) नहीं, निबंधात्मक प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रश्नों से बेहतर हैं।

→ केवल तर्क 1 मज़बूत है।

(21). वक्तव्य: क्या स्वस्थ जीवन जीने के लिए चीनी की खपत कम होनी चाहिए।

तर्क: (1) हाँ, चीनी की खपत से मोटापे, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

(2) नहीं चीनी उस भोजन में स्वाद को बढ़ाती है, जिसे हम उपभोग करते हैं।

→ केवल तर्क I मजबूत है।